मिलेट्स को बढ़ावा मिलने से छोटे किसानों को फायदा : भागीरथ चौधरी

■ जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित ''राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव-2024'' के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री

जयपुर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी शुक्रवार को जयपुर में फिक्की द्वारा आयोजित ''राजस्थान मिलेट्स (मोटा अनाज) कॉन्क्लेव-2024'' के दूसरे संस्करण में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की थीम ''देश के मिलेट्स हब के रूप में उभरता हुआ राजस्थान'' विषय पर संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में केंद्र सरकार और प्रदेश की भजनलाल सरकार बड़े पैमाने पर श्री अन्न ''मिलेट्स'' को बढ़ावा दे रही है। बाजरा, जौ, मक्का एवं सरसों जैसे मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान देश में अग्रणी है।

फिक्की मिलेट्स कॉन्क्लेव-2024 को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि बाजरा हमारे कृषि एवं भौगोलिक परिदृश्य के अनुरूप आशाजनक भविष्य का प्रतीक है। इसमें बेहतर स्वास्थ्य के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाने वाले आवश्यक पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसी के तहत 2023 को इंटरनेशनल मिलेट्स ईयर के रूप में मनाते हुए इसे बढ़ावा दिया गया। कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि श्री अन्न के फायदे ही फायदे हैं, विशेषकर हमारे छोटे किसानों को इससे बहुत लाभ हैं। श्री अन्न से उनकी आय बढ़ने के साथ ही देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

चौधरी ने कहा कि श्री अन्न का सेवन स्वस्थ रहने का माध्यम है। श्री अन्न पोषकता से परिपूर्ण है, जिसे उगाने में किसानों को लागत कम आती है, इसके लिए फर्टिलाइजर की जरूरत नहीं पड़ती, कम बारिश में भी इसकी खेती आसानी से हो सकती है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने, लोगों को स्वस्थ रखने व देश-दुनिया में, भोजन की थाली में श्री अन्न को सम्मानजनक स्थान दिलाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से वैश्विक मंच पर प्रस्ताव रखा, जिसका 72 देशों ने समर्थन किया और यूएन ने 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित किया। भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में श्री अन्न की महत्ता का प्रसार हो रहा है। श्री अन्न से एग्री स्टार्टअप्स बढ़ने के साथ रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो रही है। उत्पादन व उत्पादकता बढ़ने के साथ ही प्रोसेसिंग एवं निर्यात भी बढ़ेगा, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को बल मिले।

राज्यपाल का महाराष्ट्र में हुआ भव्य नागरिक अभिनंदन

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे का शुक्रवार को महाराष्ट्र स्थित छत्रपति संभाजी नगर में भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। केंद्रीय परिवहन मंत्री श्री नितिन गडकरी ने उन्हें श्री रामचंद्र मंदिर (मठ) बालाजी ट्रस्ट गाउण्ड पर अपार जनसमूह के मध्य आयोजित भव्य समारोह में देवगिरी गौरव सम्मान से विभूषित किया। बागडे को महाराष्ट्र के विभिन्न भागों से आए लाखों की संख्या में उपस्थित समूह ने भाव-भरा अभिनंदन करते हुए उनके लिए स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए अभिष्टिचंतन किया। उन्हें प्रदत्त देवगिरी गौरव प्रशस्ति पत्र में उनके सार्वजनिक जीवन के अंतर्गत किए गए कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें महाराष्ट्र के गौरव से अलंकृत किया गया।

उप मुख्यमंत्री बैरवा के बेटे का पुलिस एस्कॉर्ट के साथ लग्जरी गाड़ी का वीडियो वायरल

■ उपमुख्यमंत्री बोले, ''बच्चा है जी! , लेकिन प्रदेश प्रभारी की दांट के बाद बैरवा ने खेद प्रकट किया''

जयपुर। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने बेटे के सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की घटना को लेकर सुबह मीडिया से बात करते हुए बताया कि वह अभी बच्चा है जी, लेकिन जब प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने डांट पिलाई, तो उसके बाद मीडिया को बुलाकर इस घटना को लेकर खेद प्रकट किया और बच्चे की समझने की बात मीडिया के सामने रखी।

वही उपमुख्यमंत्री बैरवा के बेटे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में बैरवा का बेटा रील बना रहा है और पुलिस नेताओं के बेटों को एस्कॉर्ट कर रही है। वीडियो में खुली जीप में चार युवक बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। गाड़ी में बैठे युवक में से एक डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा का बेटा है।

वहीं, डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने वायरल वीडियो पर बयान दिया है। डिप्टी सीएम ने कहा कि ''वीडियो में मेरा बेटा नजर आ रहा है। इसमें कुछ गलत नहीं है। ये मेरा सौभाग्य है कि मोदी ने मुझ जैसे को उप मुख्यमंत्री बनाया। इसके बाद मेरे बेटे को भी महंगी गाड़ियों में बैठने का मौका मिल रहा है। उसने भी अच्छी गाड़ी को देखा है। मेरा बेटा सीनियर स्कूल में पढ़ता है, वो अपने स्कूल के दोस्तों के साथ था। मेरा बेटा तो अभी तक 18 साल का भी नहीं हुआ। मेरे बेटे को कोई गाड़ी एस्कॉर्ट नहीं कर रही थी। वो गाड़ी सुरक्षा में पीछे-पीछे चल रही थी। अगर इसके कोई बेवजह तूल देता है तो उसकी मर्जी। वही बैरवा ने कहा कि सोशल मीडिया से मुझे पता लगा है स्कूल के दोस्त आर्थिक स्थिति से संपन्न थे। उनके पास गाड़ियां थी वह उसे गाड़ी में जाकर बैठ गया सोशल मीडिया के माध्यम से मुझे पता लगा तो बैरवा ने बच्चे को बुलाकर प्यार से समझाया। उसने कहा कि उनके पास गाड़ी थी और उन्होंने बुलाया तो मैं जाकर बैठ गया। बैरवा ने कहा कि मेरे पास अभी तक कोई गाड़ी नहीं है मेरी पत्नी के नाम एक जीप है जो अभी गांव में है क्योंकि मैं भारतीय जनता पार्टी से और नरेंद्र मोदी ने मुझे जो दायित्व दिया है। निश्चित रूप से मैं चाहता हूं कि मेरी वजह से पार्टी को कोई नुकसान ना हो इस बात के लिए मैं खेद प्रकट करता हूं। बैरवा ने कहा कि वह मेरा बेटा है इसलिए पुलिस ने उसकी सुरक्षा के लिए उसके पीछे गई थी।

समाज कल्याण सप्ताह 1 से

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश भर में एक अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवम बच्चों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करने के साथ-साथ सामाजिक बुराइयों एवम कुरीतियों के विरूद्ध जनचेतना जाग्रत करना है। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इस सप्ताह के दौरान किए जाने वाले कार्य को विभिन्न दिवसों में बांटा गया है।

पर्यटन को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : दिया कुमारी

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन किया।

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में शुक्रवार (27 सितम्बर) को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से अल्बर्ट हॉल पर राजस्थानी लोक कारों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सराबोर सांस्कृतिक संध्या आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों को जयपुर घराने का परम्परागत कथक व राजस्थानी लोक नृत्यों की जुगलबंदी ने दर्शकों को आनंदित किया। सांस्कृतिक संध्या के दौरान कालबेलिया व घूमर नृत्य की भी प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट कोरियोग्राफी को खूब सराहा गया।

दिया कुमारी ने इस अवसर पर सोशल मीडिया कन्टेन्ट क्रिएटर्स को सम्मानित किया। इसके पूर्व उन्होंने आरटीडीसी जोधपुर के मारवाड हॉल का वर्चुअल उद्घाटन किया। उपमुख्यमंत्री ने विश्व पर्यटन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें राजस्थान के पर्यटन, कला एवं संस्कृति पर गर्व है। हम राजस्थान को पर्यटन का सिरमौर बनाएंगे, राजस्थान को पूरी दुनिया में पर्यटन में नम्बर एक बनाएंगे। इसमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स का महत्वपूर्ण रोल होगा।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति को जयपुर यात्रा की यात्रा करवाकर, जयपुर की वैश्विक ब्रांड इमेज को चर्चा में लाया था। उन्होंने कहा कि जब किसी देश का राष्ट्र अध्यक्ष या और कोई बड़े व्यक्तित्व पर्यटक स्थल पर आते हैं और फोटो खिचवाते हैं तो उस देश के आम लोगों में उस स्थान के प्रति उत्सुकता बढ़ जाती है, उस स्थान पर पर्यटन एकाएक बढ़ जाता है।

शासन सचिव पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग रवि जैन ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि राजस्थान और पर्यटन एक दूसरे के पर्याय है। हमारी विरासत को देखने हजारों लाखों पर्यटक आते हैं। हमें पर्यटन के विकास में बहुत कुछ किया है और बहुत कुछ और भी किये जाने की आवश्यकता है। हमारे पास पर्यटन की दृष्टि से बहुत संसाधन हैं। जिनका उपयोग करके हम पर्यटन में और आगे बढ़ेंगे।

इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विकास निगम की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा, पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह पर्यटन विभाग के अतिरिक्त निदेशक राकेश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी, निदेशक पुरातत्व पंकज धरेन्द्र, पर्यटन विभाग की संयुक्त निदेशक सुमीता सरोच, पुनीता सिंह, उपनिदेशक पर्यटन उपेंद्र सिंह शेखावत, उपनिदेशक पर्यटन दलीप सिंह तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

किरोड़ी लाल मीणा विभाग की फाइलें निपटा रहे हैं : मदन राठौड़

जयपुर। मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके किरोड़ी लाल मीणा को लेकर प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वे सरकार का ही काम कर रहे हैं। आप पता कर लीजिए। वह रोज विभाग से जुड़ी फाइलें निकाल रहे हैं। कहीं भी बैठकर काम करें, लेकिन वह सरकार का कामकाज देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के साथी मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। किरोड़ीलाल मीणा पूरी तरह से सरकार और संगठन के साथ हैं। सरकार में कार्यकर्ताओं के काम नहीं होने के सवाल पर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कार्यकर्ताओं को तो मजबूत रखना ही होगा। कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत बनता है। संगठन ही सरकार बनाता है। काम का कोई अंत नहीं होता है, डिमांड लगातार बढ़ती जाती है। कार्यकर्ताओं के काम की मांग तो हमेशा बनी रहेगी। हमारा कार्यकर्ता मांग कर रहा है, इसका मतलब है कि वह जागरूक है।

युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर हुए विवाद को लेकर प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कई मामले प्रभारी के स्तर के होते हैं। सबकी राय ली जाती है। हम सब बैठकर अपने परिवार को मजबूत कर लेंगे। युवा मोर्चा की कार्यकारिणी पर कोई विवाद नहीं है। कई लोगों से चर्चा करनी होती है। जल्दबाजी हुई थी, उसमें हमने सुधार किया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि आर डी स्टोन एम.एल.नम्बर-36/94 निकट ग्राम- खोरा, सरना, तह.-रामपुरा डाबड़ी,(आमेर) जयपुर,राजस्थान के लिऐ स्वीकृति कमांक संख्या EC24B001RJ142428, दिनांक 20.09.2024 को प्रदान की गई है,स्वीकृति की प्रतिलिपि राजस्थान प्रदूषण मण्डल के कार्यालय व वेबसाईट htt://rpcb.nic.in पर उपलब्ध है,

खान धारक-आर डी स्टोन

उत्तर पश्चिम रेलवे

शुद्धि पत्र

ई-टेण्डर नोटिस सं स एण्ड टी - प्रोजेक्ट - जेपी-2024 - 25-02, दिनांक 26.09.2024. कार्य का नाम: उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल, अजमेर मण्डल और जोधपुर मण्डल में एलटीई/यूएचएफ और टीसीएएस कार्य के सम्बध में लेटीस टावरों को लगाने का प्रावधान। **टेडर बंद होने की तारीख 16.10.2024 कर दी गई है।**

उप मु. सिंग. एवं दूर सं.इंजी. / परियोजना, उ.प.रे. जयपुर

1117-AK/24

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- ज.स.अ./2024/142 दिनांक :- 27/09/2024

ई-निविदा सूचना क्रमांक :- 40/2024-25

नगर निगम ग्रेटर जयपुर के जगतपुरा जोन के मुख्य मार्गो, सडको/बाजारो में मैकेनिकल रोड स्वीपर मशीन/मैन्युअल माध्यम से रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के कार्य हेतु पंजीकृत फर्म्स से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र, विस्तृत सूचना एवं शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाइट www.jaipurmc.org, www.sppp.raj.nic.in and www.eproc.rajasthan.gov.in पर स्टेट पब्लिक प्रोक्यूरमेन्ट के UBN No JMC2425WSOB00650 पर देखी जा सकती है।

उपायुक्त (स्वास्थ्य), नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/5832

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान)

क्रमांक :- 9191-9202 दिनांक :- 27/09/2024

-: निलामी सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पुलिस सवाई माधोपुर में स्टेशनरी स्टोर, कार्यालय हाजा में उपयोग अवधि पूर्ण कर चुके एवं अनुपयोगी आई.टी. उपकरणों यथा कम्प्यूटर, प्रिंटर, फैक्स मशीन, फोटो स्टेट मशीन इत्यादि सरकारी सामान जिसकी कीमत राशि रूपये 27,13,639/- (अक्षरे सताईस लाख तैरह हजार छः सौ उन्तालीस रूपये मात्र) की निलामी की जानी है। उक्त निलामी की खुली बोली दिनांक 15.10.2024 को प्रातः 12 बजे पुलिस लाईन, सवाई माधोपुर में गठित कमेठी द्वारा सार्वजनिक निलामी की जावेगी। अतः ईच्छुक खरीद्वार/बोलीदाता को जरिये विज्ञिप्त सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर

आम सुचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै भोजाराम पुत्र श्री लक्ष्मण जाति बैरवा निवासी ग्राम थुवालिया, पोस्टा-परवण, तहसील फागी, जिला- जयपुर राजस्थान मेरे पुत्र महेन्द्र कुमार बैरवा का स्वर्गवास दिनांक 09.09.2024 को हो गया था। मेरी पुत्रवधु रेखा देवी बैरवा पत्नी महेन्द्र कुमार बैरवा जोकि हमारे साथ कहने सुनने में नही है एवं काफी समय से हमसे अलग रह हरी है। एवं हमारे साथ अच्छा व्हवहार नही करती है। इसलिए हम अपनी पुत्रवधु रेखा देवी बैरवा पत्नी महेन्द्र कुमार बैरवा को हमारी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है। यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था इससे किसी भी प्रकार का संव्यवहार करती है तो इनके जिम्मेदार वे स्वंय होगें इससे हमारा कोई लेना देना नही होगा। सूचित रहे। मो.8440957155

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल राशिद अली पुत्र साढिक अली व अन्य ने सम्पत्ति मकान नम्बर 1489-1496, बालजी की कोठी का रास्ता, चौकडी तोपखाना हजूरी, जयपुर कुल क्षेत्रफल लगभग 965 वर्गगज को श्रीमती रानीराम भरोसी पत्नी धुव्र चतुर्वेदी पुत्री शंकर लाल व अन्य से खरीद करने का करार किया है, जिस किसी व्यक्ति या संस्था को उक्त सनव्यवहार के संबंध मे आपत्ति हो तो वह 7 दिवस में मय दस्तावेजात के सम्पर्क करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद आपत्ति मान्य नही होगी। कृपया सूचित रहे।

दिनांक-27/9/24 (फारूक अहमद) एडवोकेट मो.-9829277089

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 343/24

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम राजीव भार्गव पुत्र ओपी भार्गव जाति भार्गव

विवाद स्थान R/o 1-D-102 ललिता शास्त्रीनगर, जयपुर मृतक स्व. श्रीमति प्रतिभा भार्गव की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 6.11.24

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व.प्रतिभा भार्गव पत्नी राजीव भार्गव जाति भार्गव निवासी E-160, अम्बाबाडी, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 6 माह 11 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 23 माह 9 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

आज्ञा से-वरिष्ठ मुंसरिम जिला एवं सैंशन न्यायालय जयपुर महानगर-द्वितीय

खोया पाया

I Kala Meena W/o Hukum singh Resident 25 Tapova vihar Jagatpura Jaipur inform that my following documents of Agri land at Khasara 110/41, Chak 10 BLM, 35.05 Bigha, Patwarmandal Sutharwala-B, Tehsil Mohangarh-2 Jaisalmer has lost samowehere: Allotment letter dt. 13.08.1993 and Khaderi Sanad dt. 20.07.2001 fvg. Pawanjeet singh

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांकःजविप्रा/उपा./जोन-6/24/डी-2259 दिनांकःः27/9/2024

विज्ञिप्त

शकर भवन गृ.नि.रा.स. की योजना विकास नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या 18 क्षेत्रफल 25962 व.ग. का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। जविप्रा द्वारा उक्त भूखण्ड की लीजडीड दिनांक 30.08.2013 को श्रीमती फूली देवी पत्नी श्री हनुमान प्रसाद के पक्ष में जारी की गई है। श्रीमती फूली देवी की मृत्यु दिनांक 04.01.2022 को एवं श्री हनुमान प्रसाद की मृत्यु दिनांक 07.10.2023 को हो चुकी है। सजरा शपथ पत्र अनुसार मूल लीजधारक के विधिक वारिसानो मे श्री चन्द्र प्रकाश जांगिड एवं अशोक कुमार जांगिड पुत्र है। श्री अशोक कुमार जांगिड द्वारा रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 12.09.2024 को उक्त भूखण्ड में से अपना हिस्सा श्री चन्द्र प्रकाश जांगिड के पक्ष में हकत्याग कर दिया, जिनके द्वारा उक्त भूखण्ड का लीजहोल्ड से फ्रीहोल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है।

इस बावत किसी भी व्यक्ति / संस्था / कम्पनी / सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि मे अपने स्वामित्व से संबंधित दस्तावेज सहित आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालय मे पेश करे। नियत अवधि तक कोई आपत्ति/आक्षेप मय दस्तावेज पेश नही किये जाने पर नियमानुसार आवेदक के पक्ष मे कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

उपायुक्त जीन-6 जविप्रा जयपुर।

कार्यालय नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयालउपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर-302015, राजस्थान)

क्रमांक :- ज.स.अ./2024/143 दिनांक :- 27/09/2024

ई-टेण्डरिंग बोली सूचना सं. 03 (वर्ष 2024-25)

केन्द्र/राज्य सरकार के सरकारी/अर्द्ध सरकारी/विभिन्न नगर निकायों के सभी विभागो में पंजीकृत सभी श्रेणी के संवेदकों से नगर निगम ग्रेटर जयपुर के चार जोनों (विद्याधर नगर, मानसरोवर, सांगानेर, जगतपुरा) के प्रत्येक वार्ड में वार्ड पार्षद कार्यालय में साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्य व अन्य कार्यालय संबंधी समस्त कार्य के लिये 162 अस्थाई अकुशल श्रमिकों की आपूर्ति के कार्य हेतु ई-बोली आमंत्रित की जाती हैं।

उपरोक्त कार्य की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख टेण्डर की शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.rajasthasn.gov.in पर देखी जा सकती हैं। UBN No. JMC2425SLOB00658 हैं।

उपायुक्त (स्वास्थ्य) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/5834

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए **दिनांक 18.10.2024 को 15.00 बजे तक** खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है :- **ई-निविदा सूचना संख्या 118 to 120-24-25 दिनांक 18.10.2024. क्र.सं: 1. निविदा संख्या: 118. कार्य का नाम एवं स्थान:** अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत बीकानेर मंडल के अनुपगढ़ स्टेशन का शॉफ्ट अपग्रेडेशन का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य:** रू. 8,83,12,111.19. **धरोहर राशि:** रू. 5,91,600/-. **क्र.सं: 2. निविदा संख्या: 119. कार्य का नाम एवं स्थान:** सहायक मंडल इंजीनियर / लाईन, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में लालगढ़-कोलायत खण्ड में 52केजी/ 60 केजी रेल का 46.00 किमी. टीडब्ल्यूआर का कार्य तथा बीकानेर, लालगढ़ व कोलायत में मोबाईल फ्लश बट्ट वेल्डिंग प्लाण्ट के द्वारा यात्री लूप लाईन को एलडब्ल्यूआर में बदलने का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य:** रू. 5,53,90,009.97. **धरोहर राशि:** रू. 4,27,000/-. **क्र.सं: 3. निविदा संख्या: 120. कार्य का नाम एवं स्थान:** वरि. मंडल इंजीनियर/पश्चिम, बीकानेर के क्षेत्राधिकार में बीकानेर मंडल के 40 वे साईड स्टेशनों पर फॉल्ट एनालिसिस रूम (3mx3m साईज के डाईगनोस्टिक पेनल रूम) का प्रावधान करना। **अनुमानित लागत मूल्य:** रू. 13704242.29. **धरोहर राशि:** रू. 2,18,500/-. **नोट:-** अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

1121-AK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा सूचना

डी.आर.एम./बिजली,उ.प.रे.जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई - निविदा आमंत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: www.ireps.gov.in. 2. ई - निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 21.10.2024** को **15:00** बजे तक. **3. ई - निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 21.10.2024** को **15:00** बजे के बाद. **ई-निविदा संख्या : 1EL/JU/WC/2024-25/21, दिनांक: 27.09.2024. कार्य का विवरण:** Schedule maintenance of DG Sets over Jodhpur Division for the period of two years. **अनुमानित लागत रूपये:** रू. 46,40,259/-. विस्तृत जानकारी हेतु कृपया **www.ireps.gov.in** पर विजिट करें।

1122-AK/24

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नोटिस बनाम हर खास व आम

न्यायालय अपर जिला एवम सैशन

न्यायाधीश क्र.सं. 2 हिण्डौन सिटी।

पीठासीन अधिकारी

श्री आरती बनाम हरखास व आम

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भा.ड. अधि.

नोटिस बनाम हर खास व आम

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया आरती पुत्री स्व. देशराज जाति जाटव नि. कंसाने का नंगला तहसील सूरोठ, जिला करौली राज. जरिये दादी श्रीमती बैजन्ती पत्नि गिर्राज जाटव नि. कंसाने का नंगला तह. सूरौठ ने इस न्यायालय में अपने पिता मृतक देशराज पुत्र गिर्राज जाति जाटव निवासी कंसाने का नंगला तहसील सूरौठ जिला करौली राज. की सिलिकोसिस बीमारी से दि. 28.09.2022 को मृत्यु हो जाने पर राज. सरकार दी जाने वाली सहायता राशि को प्राप्त करने के लिये उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पेश किया है। लिहाजा जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति या उज्र हो तो वह स्वयं असालतन या वकालतन इस न्यायालय में दिनांक 08.10.2024 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अन्यथा एक पक्षीय सुना जाकर मुकदमा का निस्तारण कर दिया जावेगा। यह नोटिस आज दिनांक 18.9.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर आज्ञा से- न्यायालय अपर जिला एवम सैंशन न्यायाधीश, क्रम संख्या 2 हिण्डौन सिटी जि. करौली राज.।

नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लाल कोठी, टोंक रोड़, जयपुर-15)

क्रमांक :- जसअ/2024-25/140 दिनांक: 26.09.2024

-: : ई-निविदा सूचना संख्या 10/2024-25 : :-

नगर निगम ग्रेटर जयपुर की ओर से विद्युत कार्य हेतु नगर निगम ग्रेटर जयपुर में व अन्य विभागों में नये नियमों के अनुसार श्रेणीवार EWSD श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in & http://sppp.rajasthan.gov.in पर निम्न UBN No. JMC2425WSOB00652 पर देखा जा सकता हैं।

इच्छुक संवेदकों को ई-निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक हैं।

अधिशाषी अभियन्ता (विद्युत) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

राज.संवाद/सी/24/5791

भारतीय पटसन निगम लि. JCI

(भारत सरकार का संस्थान)

पटसन भवन, तीसरी एवं चौथी मंजिल, सीएफ ब्लॉक एक्शन एरिया-I

कोलकाता, पश्चिम बंगाल-700156

फोन-033-2252-1100

सीआईएल-U17232WB1971GOI027958

एप्रेन्टिसिस प्रशिक्षार्थीयों की नियुक्ति के लिये अधिसूचना 2024-25

एप्रेन्टिस प्रशिक्षार्थी (कच्चा पटसन के इत्तजाम एवं ग्रेडिंग) के पदों के लिये आवेदन

कुल पद- 20 (एससी-01, एसटी-01, ओबीसी (एनसीएल)-07, ईडब्लूएस-02, यूआर-09)

विस्तृत अधिसूचना एवं आवेदन के लिये, कृपया www.jutecorp.in पर जायें।

आवेदन प्राप्त करने की प्रारम्भिक तिथी- 30/09/2024

हार्ड कॉपी आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथी-21/10/2024

CBC 41122/12/0017/2425

भारतीय मानक ब्यूरो

उपभोक्ता मामले विभाग

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार

मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002

विज्ञापन संख्या 2/2024/स्था. (प्रतिनियुक्ति) हेतु शुद्धिपत्र

भारतीय मानक ब्यूरो में प्रतिनियुक्ति पर उप निदेशक (प्रशासन एवं वित्त), उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) और उप निदेशक (प्रकाशन) के पद पर भर्ती के लिए दिनांक 17 अगस्त 2024 को जारी किए गए विज्ञापन संख्या 2/2024/स्था. (प्रतिनियुक्ति) में आंशिक संशोधन करते हुए प्रतिनियुक्ति पर उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) के पद के लिए विज्ञापित रिक्तियों की संख्या निम्नानुसार संशोधित की जाती है:

क्र.सं.	पद का नाम एवं वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर	रिक्तियों की संख्या	नियुक्ति के स्थान एवं रिक्तियां
01.	उप निदेशक (मार्केटिंग एवं उपभोक्ता मामले) लेवल-11 (रु. 67700-208700)	06	नई दिल्ली (03) चंडीगढ़ (01) मुंबई (01) कोलकाता (01)

नोट:

a) आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार/रोजगार समाचार में विज्ञापन जारी होने की तिथि से 45 दिन है। तथापि इस शुद्धिपत्र के जारी होने के बाद आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 10 दिन अर्थात 12 अक्टूबर 2024 तक। बढा दी गई है।

b) इस विज्ञापन के अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

स्थान: नई दिल्ली

दिनांक: 17 सितंबर 2024

हस्ताक्षिरत /- (शोएब अख्तर) निदेशक (स्थापना) भारतीय मानक ब्यूरो

CBC 08103/12/0017/2425

नाम परिवर्तन

मैनें अपना नाम हंशिका बजाज से बदलकर हंशिका सुषमा बजाज पुत्री श्री सुरेश कुमार बजाज रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पताः 802, ड्रीम्ज हाइट, इस्कॉन रोड, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान-302020

मैंने अपना नाम Arti Aka Aarti Rishi Pareek से बदलकर Arti Pareek W/o Rishi Rameshwar Pareek रख लिया है पता सी-222 गोकुलपथ, वैशाली नगर, जयपुर-302021 भविष्य में मुझे Arti Pareek के नाम से जाना जावे।

मैंने अपना नाम उदावत उषा भंवरसिंह (Udawat Usha Bhanwarsingh) से बदलकर उषा उदावत (Usha Udawat) रख लिया है भविष्य में मुझे मेरे नये नाम उ